प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण

प्रशिक्षण अवधि :– 12 माह

उत्तराखण्ड पुलिस

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय नरेन्द्रनगर

mifujh{kd ukxfjd iqfyl gsrq fu;ekoyh ,oa ikB~;Øe

lkekU; funsZ'k%&

उपनिरीक्षक प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण केन्द्र में आगमन के पूर्व ही एक स्वागत कक्ष की स्थापना की जायेगी जिसमें एक पुलिस कर्मी की नियुक्ति की जायेगी, जो प्रशिक्षुओं को निर्धारित आवास भोजनालय, कैन्टीन स्नानागार, शौचाल, मनोरंजनगृह, पुस्तकालय एवम् वाचनालय, परेड ग्राउण्ड अधिकारियों के कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र की जानकारी देगा।

1. **आगमन के पश्चात प्रशिक्षु उपनिरीक्षक के नॉमिनल रोल फार्म भरवायें जायेगें जिस पर एक नवीनतम फोटो भी लगवाया जायेगा।**
2. समस्त प्रशिक्षुओं के आगमन के प्रथम सप्ताह में जीरों परेड करायी जायेगी जिसमें उन्हें जनपद के मुख्यालय में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारियों के कार्यालय एवम् आवासों के बारे मे जानकारी करायी जायेगी।
3. प्रशिक्षण के प्रारम्भ में **जीरो वीक''** आयोजित किया जायेगा। इस सत्र में प्रशिक्षुओं के साथ Ice Breaking Execise का आयोजन किया जायेगा । **'' जीरो वीक ''** की अवधि मे प्रशिक्षुओं को गहन प्रशिक्षण न देकर पुलिस विभाग के परिवेश से परिचित कराया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से वर्दी का रख–रखाव तथा उसका पहनना , वर्दी तथा सादे कपड़ों मे अधिकारियों के पद चिन्हों का ज्ञान , परेड गग्राउण्ड , गणना स्थल भोजनालय एवम् बैरक आवास के अनुशासन का ज्ञान कराया जायेगा।
4. **नापतौल/चिकित्सा प्रमाण पत्र –** प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों की नापतौल किसी सक्षम अधिकारी (निरीक्षक या उससे उच्च पद) द्वारा सम्पादित की जायेगी जिसका उल्लेख नापतौल रजिस्टर मे किया जायेगा।
5. **आवास –** उपनिरीक्षक प्रशिक्षुओं के लिए छात्रावास उपलब्ध कराया जायेगा जिसमें पर्याप्त मात्रा मे रोशनी हेतु बल्ब टयूब लाइट , पंखें तथा पलंग /तख्त की व्यवस्था की जायेगी । किसी प्रशिक्षु को निर्धारित छात्रावास के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर निवास की अनुमति नही दी जायेगी ।
6. **भोजन व्यवस्था** – समस्त प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण केन्द्र के अन्दर निर्धारित भोजनालय मे ही भोजन करना होगा । किसी भी दशा में अन्यत्र भोजन करने की अनुमति नही दी जायेगी । भोजन व्यवस्था के लिए आगमन के समय ही मेस एडवांस के रूप में 3000/–धनराशि प्रशिक्षुओं से जमा करायी जायेगी । प्राप्त धनराशि की रसीद प्रभारी द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रदान की जायेगी तथा दीक्षान्त परेड के उपरान्त देय धनराशि की कटौती कर शेष धनराशि की वापसी सुनिश्चित की जायेगी।

भोजन करते समय भोजनालय मे लुंगी , गमछा , आदि नही पहना जायेगा । निर्धारित की गयी पोशाक की पहनी जायेगी। भोजन , भोजनालय मे निर्धारित स्थान पर किया जायेगा। भोजनालय से भोजन ले जाकर छात्रावास मे या अन्यत्र भोजन करने की अनुमति नही दी जायेगी।

संस्था प्रमुख संस्था कटिंग के रूप में मैस रिजर्व, हॉस्टल, मेन्टीनेस फण्ड, नाई , धोबी, एवं सफाई कर्मी आदि की स्थानीय आवश्यकताओं उपलब्धता एवं दरों के आधार पर उचित कटौती करेगें । परन्तु यह कटौती किसी भी दशा मे **500/–** रू0 प्रतिमाह से अधिक नही होना चाहिए। मैस प्रबन्धक एवं संचालन का कार्य प्रशिक्षुओं मे से ही चयनित उप निरीक्षक द्वारा किया जायेगा।

7. **दिवसाधिकारी** – प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रतिदिन एक बाह्य विषय का प्रशिक्षक दिवसाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जायेगा, जिसका कर्तव्य होगा कि वह प्रशिक्षुओं से भोजन के समय भोजन व्यवस्था मे दिये गये निर्देशों का पालन कराये तथा विद्यालय के समय प्रशिक्षुओं को एकत्रित कर गणना उपरान्त विद्यालय में पहुचायें।
8. **प्रशिक्षण केन्द्र** – उत्तराखण्ड पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अंकित बिन्दुओं के अनुसार अन्तःकक्ष एंव वाह्य कक्ष विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक सैक्शन हेतु एक क्लास रूप निर्धारित किया जायेगा।
9. **पुस्कालय एवं वाचनालय** – प्रत्येक प्रशिक्षण संस्था पर एक पुस्कालय की व्यवस्था की जायेगी जिसमे पाठ्यक्रम के अनुरूप आवश्यक पुस्तकों के अतिरिक्त पर्याप्त संख्या मे सामाचार पत्र , पत्रिकाओं की व्यवस्था होगी।

   मनोरंजन – प्रशिक्षुओं के मनोरंजन के लिए मनोरंजन गृह में टेलीविजन इत्यादि की व्यवस्था होगी। सप्ताह मे एक दिन प्रोजेक्टर पर ट्रेनिंग सम्बन्धित पिक्चर दिखाई जायेगी।

   सूचना पट्ट – प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं के छात्रावास के निकट तथा किसी एक अन्य उपयुक्त स्थान पर एक सूचना पटट की व्यवस्था की जायेगी जिसमें प्रशिक्षुओं से सम्बन्धित सूचनायें तथा आवश्यक आदेश–निर्देश चस्पा किये जायेगें।
10. **सुझाव एंव शिकायती पत्र पेटिका** – प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में छात्रावास के निकट एक सुझाव एवं शिकायती पत्र पेटिका रखी जायेगी जिसमें प्राप्त सुझााव एंव शिकायतों का निराकरण संस्था के प्रभारी द्वार किया जायेगा।
11. **मासिक सम्मेलन** – प्रत्येक माह संस्था प्रभारी द्वारा मासिक सम्मेलन का आयोजन जिसमें प्रशिक्षुओं के कल्याण सम्बन्धी वार्ता होगी एवं प्रशिक्षुओं से इनके सम्बन्ध मे सुझाव/शिकायतों की जानकारी प्राप्त की जायेगी
12. **परिधान** – प्रत्येक प्रशिक्षु को मौसम के अनुसार परेड एवं प्रशिक्षण केन्द्र मे निर्धारित वर्दी पहननी होगी।

13. **खेलकूद** – प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रशिक्षण अवधि में खेलकूद में भाग लेना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी खेलकूद के लिए बॉलीवाल , फूटबॉल तथा तैराकी आदि हेतु व्यवस्था करेगें। उपनिरीक्षक प्रशिक्षुओं को मोटर साईकिल प्रशिक्षण हेतु संस्था द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जायेगी।

14. **अवकाश –**

(अ) आधारभूत प्रशिक्षण की अवधि मे किसी भी प्रशिक्षणार्थी को सामान्य रूप से कोई आकस्मिक अवकाश देय नही दिया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थिति में संस्था प्रभारी द्वारा आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा। सम्पूर्ण प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को अधिकतम 14 आकस्मिक अवकाश देय होगें। संस्था प्रभारी अपने विवेक से इससे अधिक अवकाश दिये जाने के लिए अधिकृत होगें।

(स) यदि कोई उपनिरीक्षक प्रशिक्षण काल की अवधि में अनावश्यक या अनुचित रूप से अनुपस्थित रूप से अनुपस्थित होगा अथवा बिना अनुमति के प्रशिक्षण केन्द्र से अनुपस्थित होगा या अवकाश पर जाने पर बिना उचित या अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित होगा एंव झूठे आधार पर अवकाश प्राप्त करेगा या प्राप्त करने का प्रयास करेगा तो ऐसे प्रशिक्षु के विरूद्व नियमानुसर विभागीय कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।

(द) पूरे प्रशिक्षण काल में 30 दिवस से अधिक किसी भी कारणवश अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षार्थी को अन्तिम परीक्षा मे सम्मिलित नही किया जायेगा। ऐसे प्रशिक्षु की परीक्षा अनुत्तीर्ण प्रशिक्षुओं के साथ तीन माह के अतिरिक्त प्रशिक्षण के उपरान्त आयोजित परीक्षा के समय ली जायेगी। किसी भी कारण से यदि किसी प्रशिक्षु की प्रशिक्षण से अनुपस्थित अवधि 60 दिन या उससे अधिक होती है तो प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख उस प्रशिक्षु को वापस कर देगें जिसे अगले प्रशिक्षण सत्र मे शामिल किया जायेगा।

(य) अन्तिम परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षु को सम्बन्धित विषयों के 3 माह के पूरक प्रशिक्षण के उपरान्त उन्ही विषय /विषयों की पूरक परीक्षा मे सम्मिलित किया जायेगा। यदि कोई उपनिरीक्षक पूरक परीक्षा मे भी अनुत्तीर्ण होता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

15. **श्रमदान , साज सज्जा एंव वृक्षारोपण –** प्रशिक्षुओ से श्रमदान एंव वृक्षारोपण का कार्य केवल बृहस्पतिवार एवं रविवार को पूर्वान्ह मे ही कराया जायेगा जिसमें उनसे परेड ग्राउण्ड , बैरक एरिया , क्वार्टर गार्द , गार्डन आदि की सफाई व रख–रखाव का कार्य कराया जा सकेगा। कार्य दिवसों मे बाह्य एवं अन्तः विषयों के कालाशों मे कोई श्रमदान एवं वृक्षारोपण किसी भी दशा मे नही कराया जायेगा। किसी भी अधिकारी के आवासीय परिसर इत्यादि मे श्रमदान नही कराया जायेगा।

16. प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रत्येक आन्तरिक एवं बाह्य विषयों के प्राप्ताकों मे प्रथम स्थान पाने वाले प्रशिक्षुओं समस्त आंतरिक/बाह्य विषयों के प्राप्तांकों के योग मे अलग–अलग प्रथम आने वाले प्रशिक्षुओं एवं सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु को पुरूस्कृत किया जायेगा। सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु को पुरूस्कृत किया जायेगा। सर्वाग सर्वोत्तम प्रशिक्षु के चयन के लिए प्रशिक्षण केन्द्र

प्रभारी द्वारा प्रदत्त साक्षत्कार के अंकों को भी जोड़ा जायेगा। प्रशिक्षण मे विशेष अभिरूचि रखने वाले उत्कृष्ट उपनिरीक्षक अध्यापक , आई0टी0आई/पी0टी0आई0 को भी संस्था के प्रभारी द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा।

17. **पर्यवेक्षण –** प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण निर्धारण पाठ्यक्रम के अनुसार संस्था प्रभारी के निकट पर्यवेक्षण मे प्रदान किया जायेगा। संस्था प्रमुख द्वारा चयनित एक राजपत्रित अधिकारी प्रशिक्षण का प्रभारी होगा आन्तरिकः/बाह्य विषयों के प्रशिक्षण के प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराये हेतु सैन्य सहायक उत्तरदायी होगें।

18. **आन्तरिक विषय के प्रशिक्षकों के लिए निर्देशः–**

1. संस्था प्रमुख प्रत्येक 15 दिवस का टाइम टेबिल (समय सारणी) तैयार कराकर जारी करायेगें।
2. अपने पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषय पढ़े और समझें।
3. सभी विषयों को अलग–अलग कालांश मे विभाजित करें।
4. प्रत्येक कालांश के लिए उच्च कोटि (प्रमाणित) पुस्तक से पाठ पहले से तैयार कर लें।
5. प्रशिक्षक अपने व्यवहारिक व उपयोगी अनुभव का समावेश (मिश्रण) भी करें।
6. व्याख्यांन की योजना व प्रस्तुति का तरीका तैयार करें।
7. पाठ के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की व्याख्या करें।
8. विषय वस्तु स्लाइड व पिक्चर पर तैयार करें एवं पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत करें।
9. प्रशिक्षणार्थी को व्यवहारिक ज्ञान, सुरक्षा ड्यूटी , घटनास्थल निरीक्षण , विवेचना आदि कराने से पूर्व मौलिक सिद्वान्त समझायें।
10. ऐसे प्रश्न तैयार किये जायें जिसके उत्तर मे पाठ के महत्वपूर्ण अंश सम्मिलित हों।
11. प्रत्येक विषय की पाठ्य सामग्री हेतु प्रशिक्षणार्थी का मार्गदर्शन करें।
12. सही वर्दी धारण करें जिससे फुर्तीलापन प्रदर्शित हो एवं उसका रख–रखाव भी साफ –सुथरा हो।
13. प्रत्येक कालांश में प्रश्न पूछने के लिए कुछ समय दें अर्थात संदेहों को दूर करें।
14. कमजोर प्रशिक्षणार्थियों पर विशेष ध्यान दे तथा तेजस्वी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ायें।

19. **बाह्य विषयों के प्रशिक्षकों के लिए निर्देशः–**

1. सही वर्दी धारण करें जिससे फुर्तीलापन प्रदर्शित हो सकें एवं उसका रख–रखाव साफ–सुथरा हो।
2. पाठ्यक्रम को पढ़े तथा उसे निर्धारित अवधि मे मोटे तौर पर विभाजित करें।
3. पाठ को सुविधाजनक भागों (कालांश) में विभाजित करें।
4. विषय के अनुसार हिन्दी में व्याख्या करें।
5. अपनी व्यक्तिगत Body Movement द्वारा नमूना दें।
6. विभिन्न हरकतों को एक–एक करकें प्रत्येंक प्रशिक्षणार्थी से कराया जाय ताकि उसको पूरा ज्ञान हो सकें।

7. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी की त्रृटियों को सही करें। अनावश्यक टीका–टिप्पणी न करें जब तक कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी उससे भिज्ञ न हो जाये कि सही क्या है तब तक अतिरिक्त समय मे विशेष कालांश में प्रशिक्षित करें।
8. किसी प्रशिक्षणार्थी को खराब हरकत करने की अनुमति कभी न दें।
9. वर्ड ऑफ कमाण्ड तेज व साफ शब्दों मे दें।
10. शरीरिक प्रशिक्षण के पाठ इस प्रकार सिखायें जो उसके पूरे जीवन के लिए लाभकारी हो।
11. खेल , तैराकी , एथलेटिक व कठिन बाधाओं को पार करने में रूचि उत्पन्न करायें।
12. प्रशिक्षणार्थियों की रूचि के अनुसार जूडो/कुश्ती /बॉक्सिंग/कराटे आदि विभाजित कर टोलियों मे आयोजित करायें।
13. बाह्य विषयों के प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु सैन्य सहायक उत्तरदायी होगें।

20. नियमावली मे संशोधन – उपरोक्त नियमों मे किसी संशोधन की आवश्यकता समझी जायेगी तो पुलिस महानिदेशक , प्रशिक्षण पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय , उत्तराखण्ड देहरादून उन बिन्दुओं को पाठ्यक्रम समिति को संदर्भित करेगें तथा पाठ्यक्रम समिति की अनुशंसा प्राप्त करेंगें। अनुशंसा पर विचारपरांत निर्णय लेकर नियम संशोधन हेतु पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड का अनुमोदन प्राप्त करेगें।

परीक्षा संक्षेप

1– संस्था प्रभारी पर छः माह के प्रशिक्षण के पश्चात अन्तः विषयों एवं वाह्य विषयों की एक 400 अंको की मध्यावधि परीक्षा आयोजित की जायेगी। अतः संस्थान से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस अवधि में न्यूनतम आधा पाठ्यक्रम अवश्य पढा लें। इस परीक्षा में 300 अंक की अन्तः कक्ष विषयों की एवं 100 अंको की वाह्य विषयों की परीक्षा होगी। अन्तः कक्ष विषयों में 150 अंक एवं 150 प्रश्नों के दो वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र होंगें। प्रत्येक प्रश्नपत्र में छः माह की अवधि तक पढाये गये सम्पूर्ण विषयों के आधे–आधे विषयों का समानुपातिक मिश्रण होगा। इस परीक्षा में प्राप्त अंको की श्रेणी के आधार पर अनुपातिक दर से साक्षात्कार के अंको में अधिकतम 35 अंक दिये जायेंगें।

2– अन्तः कक्ष विषयों की अन्तिम परीक्षा विषय वस्तु की भॉति होगी। जिससे प्रशिक्षु की कार्यशैली एवं कुशलता का सही मूल्यांकन किया जा सके। प्रयोगात्मक परीक्षाओं का मूल्यांकन प्रशिक्षण केन्द्रो द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा के समय ही कर लिया जायेगा। इस हेतु अलग से कोई परीक्षा नही होगी।

3– प्रशिक्षण अवधि के 12 माह में अन्तिम परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसका संक्षेप में निम्नानुसार निर्धारण किया गया है।

अन्तः कालीन परीक्षायें	:– 1500 अंक
वाह्यकक्षीय प्रशिक्षण	:– 700 अंक
प्रधानाचार्य का आंकलन	:– 100 अंक
योग	:– 2300 अंक

4– उत्तीर्ण होने हेतु अन्तः कक्ष एवं वाह्य कक्ष विषयों के प्रत्येक पेपर में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने अनिवार्य होंगें।

अ– परीक्षा में अनुत्तीर्ण प्रशिक्षु उपनिरीक्षक का पूरक प्रशिक्षण एवं परीक्षा पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेशों के अनुरूप कराया जायेगा। प्रशिक्षण/परीक्षा उन्ही विषयों की कराई जायेगी जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहें हो।

ब– परीक्षा में नकल करते हुये पकडे जाने पर प्रशिक्षु की सम्पूर्ण परीक्षा निरस्त मानी जायेगी और नागरिक पुलिस सेवा नियमावली के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही के उपरांत यदि उसे सेवा में रखा जाना है तो उसका पूरक प्रशिक्षण कम से कम 03 माह का कराया जायेगा तथा प्रशिक्षण के उपरांत सभी विषयों की परीक्षा पुनः संपादित कराई जायेगी।

उप निरीक्षक ना0पु0 सीधी भर्ती आधारभूत प्रशिक्षण
अन्तः कक्ष/बाह्य कक्ष का पाठ्यक्रम का विवरण

क्र0सं0	*विवरण*	*अवधि*
1	प्रशिक्षण अवधि	365 दिवस
2	रविवार एवं अवकाशों की संख्या	77
3	जीरो वीक की अवधि	05 दिवस
4	मध्यवधि/अन्तिम परीक्षा दीक्षान्त परेड का अभ्यास के लिये निर्धारित अवधि	30 दिवस
5	स्टडी टूर	06 दिवस
6	मध्यावधिक अवकाश	06 दिवस
7	प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध कुल दिन	241 दिवस
8	फायरिगं/जंगल ट्रेनिग दिवस	06 दिवस
9	बाह्य कक्ष प्रशिक्षण हेतु वास्तविक दिवस	235 दिवस
10	बाह्य कक्ष हेतु प्रतिदिन कालांश	05 दिवस
11	अन्तःकक्ष हेतु प्रतिदिन कालांश	06 कालांश
12	एक कालांश की अवधि	40 मिनट
13	बाह्य कक्ष हेतु कुल कालांशो की संख्या	**235 × 5 = 1175 कालांश**
14	अन्तकक्ष हेतु कुल कालांशो की संख्या	**235 × 6 = 1410 कालांश**
15	प्रशिक्षण हेतु योग कालांश	**2585 कालांश**

सम्पूर्ण कार्यक्रम–एक दृश्यावलोकन

क्र0सं0	विषय	कालांश	अंक
1	अन्तः कक्षीय	1310	1500
2	संवेदीकरण मौडयूल्स	100	–
3	वाह्य कक्षीय प्रशिक्षण	975	700
4	कैपसूल कोर्स	200 बाह्यकक्ष प्रशि0 में	–
5	प्रधानाचार्य का आंकलन	–	100
	कुल योग	2585	2300

प्रधानाचार्य/साक्षात्कार हेतु 100 अंको का निर्धारण निम्न प्रकार है।

(अ) 50 अंक प्रशिक्षुओं की अन्तः कक्ष एवं वाह्य कक्ष विषय प्रशिक्षकीय/खेल–कूद/सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर निम्न प्रकार निर्धारित है :–

क– प्रशिक्षण की मध्यावधि परीक्षा के प्राप्ताकों के आधार पर : – 35 अंक 1. विशेष श्रेणी 75 प्रतिशत से 84.99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर – 35 अंक 2. प्रथम श्रेणी 60 प्रतिशत से 74.99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर – 30 अंक 3. द्वितीय श्रेणी 50 प्रतिशत से 59.99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर – 20 अंक 4. तृतीय श्रेणी 40 प्रतिशत से 49.99 अंक प्राप्त करने पर :– 10 अंक 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को कोई अंक नही दिया जायेगा।	**ख – प्रशिक्षण के दौरान खेलो के लिये अधिकतम अंक :– 05 अंक** **ग– विशेष गतिविधियॉ के लिये :– 05 अंक** 1. कक्षा मॉनीटर – 02 अंक 2. टोली कमांडर – 03 अंक 3. मैस मैनेजर – 05 अंक **घ– सांस्कृतिक/प्रस्तुतिकरण गतिविधियॉ :– 05 अंक** **नोट** :– कक्षा मॉनीटर, टोली कमांडर का चयन प्रशिक्षण के दौरान अभिरूचि के आधार पर किया जायेगा। यदि प्रशिक्षु द्वारा एक से अधिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन भी किया गया है तो भी उसे अधिकतम 05 अंक ही दिये जायेंगें।

(ब) प्रधानाचार्य के विवेकाधीन शेष 50 अंक प्रशिक्षार्थी के अन्तः कक्ष एवं वाह्य विषयों के ज्ञान के आंकलन प्रशिक्षण में ली गई रूचि, अनुशासन, प्रशिक्षण के मध्य प्राप्त पुरूस्कार तथा कर्तव्यनिष्ठा इत्यादि को ध्यान में रखकर साक्षात्कार के उपरान्त दिये जायेंगें।

(स) निम्नलिखित प्रकार के अनुशासनहीनता के दृष्टान्तों पर उक्त अंको में से अधिकतम 25 ऋणात्मक अंक किये जायेंगें।

1. विलम्ब से आगमन, अनुपस्थिति, निर्धारित अवकाश से अधिक अवकाश , सिक, रेस्ट, अस्तपताल दाखिल 1/2 अंक प्रतिदिन की दर से अधिकतम :– 10 अंक
2. गम्भीर अनुशासनहीनता :– 07 अंक
3. अवज्ञा :– 05 अंक
4. आदेश कक्ष (ओ0आर0) में दण्ड :– 02 अंक
5. डिफाल्टर/चेतावनी :– 01 अंक

उप निरीक्षक ना0पु0 सीधी भर्ती आधारभूत प्रशिक्षण
अन्तः कक्ष विषयवार, कालांश एवं अंकों का विवरण

पाठ्यक्रम			
क्र0 सं0	*विवरण*	*कालांश*	*अंक*
1	ए–आधुनिक भारत में पुलिस	25	25
	बी–पुलिस संगठन एवं प्रशासन	50	75
2	भारतीय दण्ड संहिता	100	100
3	दण्ड प्रक्रिया संहिता	100	100
4	ए–भारतीय साक्ष्य अधिनियम	50	60
	बी–संविधान एवं मानवाधिकार	50	40
5	स्थानीय एवं विशेष अधिनियम	100	150
6	ए–विधि विज्ञान (फारेन्सिक साइंस)	80	100
	बी–विधि चिकित्सा शास्त्र (फारेन्सिक मेडिसन)	50	50
7	विवेचना	138	150
8	पुलिस थाना प्रबन्धन एवं अपराध नियन्त्रण	100	100
9	लोक शान्ति व्यवस्था का रख–रखाव	80	100
10	अपराध शास्त्र	50	50
11	विवेचना–प्रयोगात्मक कार्य	100	100
12	ए–मानव व्यवहार	37	45
	ब–प्रबन्धन	40	55
13	कम्प्यूटर प्रशिक्षण–प्रयोग एवं उपयोगिता	80	100
14	पुलिस रेग्युलेशन/नियम/मैनुअल	80	100
योग		**1310**	**1500**

संवेदीकरण मोडयूल (प्रशिक्षण)

पाठ्यक्रम		
क्र0 सं0	*विवरण*	*कालांश*
1	लिंग संवेदीकरण	05
2	जाति एवं साम्प्रदायिक विवादों में पुलिस की भूमिका	05
3	स्वास्थ्य एवं एडस	05
4	अपराध पीड़ित के साथ व्यवहार	05
5	जनता के साथ–व्यवहार –क्या करें और क्या न करें।	05
6	गैर सरकारी (समाज सेवी) संगठनों से समन्वय	05
7	जेल का भ्रमण	08
8	न्यायालय का भ्रमण	08
9	जनपदीय पुलिस कार्यालय का भ्रमण	08
10	पुलिस लाइन्स का भ्रमण	08
11	पुलिस थाने का भ्रमण	08
12	जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी कार्यालय का भ्रमण	05
13	वृद्व आश्रम का भ्रमण	05
14	महिला आश्रम का भ्रमण	05
15	बाल गृह का भ्रमण	05
16	अभियोजन कार्यालय का भ्रमण	05
17	चिकित्सालय/शव विच्छेदन गृह का भ्रमण	05
योग		**100**

विभिन्न कैपसूल कोर्सेज

पाठ्यक्रम		
क्र0 सं0	*विवरण*	*कालांश*
1	नैतिक पुलिसिंग	10
2	सामुदायिक पुलिसिंग	10
3	अभिसूचना एकत्रीकरण– सर्विलेन्स आदि पर व्यवहारिक प्रशिक्षण सहित	05
4	पूछताछ की विधा	05
5	सुरक्षा–मेला, त्यौहार, जनरैली, वीवीआईपी भ्रमण आदि की व्यवस्था	05
6	न्यायालय की कार्यप्रणाली	05
7	थाने का निरीक्षण	05
8	आरोपी के अधिकार	05
9	भूराजस्व अभिलेखों एवं नियमों से परिचय	10
10	थाने पर अभिलेखीकरण	05
11	संवाद कौशल	10
12	मीडिया प्रबंधन	05
13	इलैक्ट्रोनिक सर्विलांस	10
14	सी0सी0टी0एन0एस0	35
15	नेगोसिएशन स्किल्स	10
16	साइबर क्राइम	10
17	तनाव प्रबन्धन	10
18	स्वप्रबन्धन/स्वच्छता	15
19	आत्मविश्वास	05
20	व्यक्तित्व विकास, दृष्टिकोण में परिवर्तन	25
	योग	**200**

01 आधुनिक भारत में पुलिस, पुलिस संगठन एवं प्रशासन

ए– आधुनिकभारत में पुलिस

कालांश :– 25 **पूर्णांकः– 25 अंक**

1– एक कल्याणकारी राज्य में आदर्श पुलिस कार्यशैली।
2– वर्तमान सामाजिक व्यवस्था के सन्दर्भ में पुलिस की परिवर्तनशील भूमिका एंव पुलिस कार्य में व्यवहारगत परिवर्तनों की आवश्यकता–बल उन्मुख्ता से सेवा उन्मुखता में रूपान्तरण।
3– पुलिस कार्यो में व्यवसायिकता।
4– पुलिस के लिये आचरण संहिता।
5– राज्य की अर्थ व्यवस्था एवं भूगोल
क– आर्थिक
- ✓ प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं पुलिस बजट

ख– भारत का भूगोल (स्वाध्याय हेतु)
- ✓ भारत के राज्य एवं संध शासित प्रदेश व उनकी राजधानियॉ
- ✓ भारत के मानचित्र की व्यवहारिक जानकारी तथा पडोसी देशो की सीमायें।
- ✓ प्राकृतिक भाग, मुख्य औघोगिक नगर, रेलवे लाइन, सड़क मार्ग, रेल मार्ग, मुख्य नदियॉ

ग– पर्यावरण :–
- ✓ पर्यावरण संरक्षण
- ✓ ग्लोबल वार्मिंग का ज्ञान।

6– नागरिक प्रशासन में पुलिस की भूमिका एवं अन्य विभागो–जैसे चिकित्सा विभाग, जेल विभा, शिक्षा विभाग, तहसील, ब्लॉक डेवलेपमेन्ट अधिकारी, टेलीफोन, बिजली विभाग, नगर पालिका आदि के साथ सम्बन्ध एवं उपयोगिता।
7–सामान्य जानकारी
- ✓ पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर
- ✓ अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट
- ✓ उपलब्धियॉ तथा पुरूस्कार
- ✓ विभिन्न खेल प्रतियोगितायें
- ✓ विश्व प्रसिद्व व्यक्तित्व
- ✓ विख्यात पुस्तकें।
- ✓ नवीन राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय घटनाक्रम

8– कानून का शासन :–
- ✓ आपराधिक न्याय व्यवस्था में पुलिस की भूमिका।
- ✓ राष्ट्रीय झण्डा प्रतीक एवं राष्ट्रीयमान का महत्व।
- ✓ विघ्वंसकारी ताकतों से राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को चुनौतियॉ–साम्प्रदायिता, रूढिवादिता, अतिवाद व आतंकवाद तथा चुनौतियों के मुकावले में पुलिस की भूमिका।
- ✓ सामाजिक–आर्थिक समस्याअें और पुलिस की भूमिका
- ✓ राजनैतिक दल–क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय
- ✓ कम्यूनिटी पुलिसिंग की अवधारणा/पुलिस जनता साझेदारी।

9– पुलिस सुधार
इस पेपर के अर्न्तगत पढाये जाने वाले विषयों का फोकस राज्य केन्द्रित होना चाहिये। राज्य के विभिन्न भागों से आने वाले प्रशिक्षु राज्य में पुलिस के सम्मुख प्रचलित सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं कानून व्यवस्था के मुद्दों को समझने में समर्थ होने चाहिये। उद्देश्य यह है कि पुलिस कर्म के सन्दर्भ अधिकारीगण को उनकी आदर्श भूमिका समझायी जा सके।

बी– पुलिस संगठन एवं प्रशासन

कालांश :– 35 **पूर्णांकः– 50 अंक**

1– भारत में पुलिस का उद्भव विकास एवं इतिहास।

2– केन्द्रीय पुलिस संगठन एवं संस्थान।

1. आई0बी0
2. सीबीआई
3. बी0पी0आर एण्ड डी
4. सी0आर0पी0एफ0
5. बी0एस0एफ0
6. आर0पी0एफ0
7. सी0आई0एस0एफ0
8. एन0सी0आर0बी0
9. एन0आई0ए0
10. एन0सी0आर0बी0
11. एन0आई0ए0
12. एस0एस0बी0
13. रॉ
14. आर0पी0एस0एफ0
15. एस0एस0बी0
16. एन0एस0जी0
17. आई0एस0ए0
18. एस0पी0जी0
19. आई0टी0बी0पी0
20. सेन्ट्रल फोरेन्जिक इन्सस्टीट्यूड –सी0डी0टी0एस0 हैदराबाद, कोलकाता, चण्डीगढ।
21. संदिग्ध अभिलेखो के सरकारी परीक्षण के कार्यालय –शिमला, कोलकता, हैदराबाद।
22. सेन्ट्रल फिंगर प्रिन्ट ब्यूरो, कोलकाता।
23. सेन्ट्रल फोरोसिंक साइंस लेबोरेटरी दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद।

3– **इंडियन आर्म्ड फोर्सेज** :– टैरीटोयिल आर्मी एवं एनसीसी रहित।

4– **राज्य पुलिस संगठन** :– (राज्य स्तर, परिक्षेत्र स्तर, कमिशनरी व्यवस्था, जनपद स्तर, उप सम्भाग स्तर/क्षेत्र स्तर, पुलिस थाना स्तर) अन्य ईकाइयॉ जैसे– अभियोजन शाखा, एससीआरबी/फिंगर प्रिन्टस ब्यूरो, सीआईडी, सीआईडी क्राइम ब्यूरों, महिला पुलिस, रेलवे पुलिस, पुलिस दूरसंचार, यातायात पुलिस एवं राजमार्ग यातायात पुलिस, स्टेट फोरेसिंक साइंस लाइब्रेरी, सशस्त्र पुलिस, होमगार्डस एवं नागरिक सुरक्षा, विशेष पुलिस अधिकारी, भारतीय रिजर्व बटालियन (आई0बी0), राज्य पुलिस अकादमी, राज्य कमांडो इकाई, पुलिस मुख्यालय, राज्य सर्तकता ब्यूरों, अग्निशमन सेवाायें, राज्य अपराध शाखा, गृह विभाग।

5– अभियोजन शाखा एवं न्यायालय कर्तव्य।

6– जनपद पुलिस की विभिन्न शाखाओं के कार्य :– जनपद अभिसूचना शाखा, जनपद प्रवर्तन शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन्स, जनपद यातायात शाखा, दूरसंचार इकाई आदि।

प्रशासन

कालांश :– 15 **पूर्णांकः– 25 अंक**

1– केन्द्रीय सरकार का प्रशासनिक ढांचा।
2– राज्य सरकार का प्रशासनिक ढांचा।
3– स्थानीय स्व–शासन (नगरीय एवं ग्रामीण)
4– जनपद एवं उप सम्भागीय प्रशासनिक ढॉचा। राजस्व अधिकारियों के साथ पुलिस के सम्बन्ध, न्यायपालिका, अभियोजन शाखा एवं स्वास्थ्य अधिकारीगण।
5– पुलिस, आर्मी, नेवी एवं वायु सेना के पद एवं पद चिन्ह।
6– प्रतिष्ठित व्यक्तियों, पुलिस, नागरिक, मिलिट्री एवं न्यायिक अधिकारियों के वाहनों के झण्डे/तारे/प्रतीक चिन्ह
7– गैर सरकारी संगठनों की भूमिका।
8– पुलिस कर्म में समकालीन मुद्दे :–

- ✓ राष्ट्रीय अखण्डता को आन्तरिक चुनौतयॉ।
- ✓ जातिवाद साम्प्रदायिकतावाद एवं रूढिवाद।
- ✓ आतंकवाद, युद्वप्रियता एवं वामपंथी उग्रवाद।
- ✓ महिलाओं , बालकों एवं समाज के कमजोर वर्गो के विरूद्व अपराध–पुलिस की भूमिका।
- ✓ लिंग संवेदीकरण।
- ✓ महिला पुलिस एवं पुलिस कार्य में उनकी भूमिका।
- ✓ कार्य स्थलों पर लैगिग उत्पीड़न।

प्रशिक्षण की समाप्ति पर अधिकारी को सरकार के प्रशासनिक ढॉचे एवं पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं की पर्याप्त जानकारी होनी चाहिये।

02–भारतीय दण्ड संहिता

कालांश :– 100

अंक 100

1. प्रस्तावना एवं अपराध की अवधारणा धारा 1 से 5
2. सामान्य व्याख्यायें धारा 6,7, 10, 14, 21 से 30, 34 से 39, 41 से 44, 52, 52ए
3. दण्ड धारा 75
4. साधारण अपवाद धारा 76 से 106
5. दुष्प्रेरण एवं आपराधिक षडयन्त्र धारा 107 से 117, 120ए, 120बी
6. राज्य के विरूद्व अपराध धारा 121 से 124, 124ए
7. आर्मी, नेवी एवं एयरफोर्स से सम्बन्धित अपराध धारा 136, 140
8. लोक प्रशान्ति के विरूद्व अपराध धारा 144 से 149, 153ए, 153एए, 153बी, 160
9. धर्म से सम्बन्धित अपराध धारा 295, 295ए, 296, 297, 298
10. लोक सेवकों से सम्बन्धित अपराध धारा 170 से 174, 180 से 187, 188
11. निर्वाचन से सम्बन्धित अपराध धारा 71ए, बी,सी, डी,ई,
12. झूठा साक्ष्य, व्यक्तियों एवं न्याय के विरूद्व अपराध धारा 191 से 193, 196, 201, 211, 212, 216, 216ए, 223 से 225, 227, 228ए, 229
13. सिक्कों एवं सरकारी स्टेम्प से सम्बन्धित अपराध धारा 230, 235, 240 एवं 241
14. लोक स्वास्थ्य, क्षेम, सुविधा, शिष्टता एवं सदाचार पर प्रभाव डालने वाले अपराध धारा 268 से 270, 272, 277, 278, 279, 283, 285, 289, 292, 294 से 296
15. मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले अपराध धारा 299 से 304, 304ए–बी, 306, 307, 308, 309, 313, 315, 317, 318, 319 से 326, 328, 330 से 333, 336 से 338, 399 से 342, 353, 354, 356, 359 से 364, 364ए, 365, 366, 375, 376ए,बी,सी,डी,ई।
16. सम्पत्ति के विरूद्व अपराध सम्पत्ति के न्याय भंग से सम्बन्धित अपराध छल रिष्टि से संबंधित अपराध धारा 378 से 384, 385, 387, 390, 392 से 397, 399, 401, 402, 406 से 409, 410, 412, 415, 419, 420, 425, 429, 430, 435, 436, 441 से 460
17. अभिलेखों सम्पत्ति चिन्हो से सम्बन्धित अपराध एवं मुद्रा का कूटकरण धारा 463 से 465, 470, 471, 489 ए,बी,सी,डी,ई।
18. विवाह से सम्बन्धित अपराध धारा 494, 495, 497, 498, 498ए
19. आपराधिक अभित्रास, अपमान एवं अपराध कारित करने के प्रयास धारा 499, 503, 506, 511

नोट :–

- यह धारायें स्वाध्याय के लिये है। प्रश्नपत्रों में इन धाराओं के लिये पॉच प्रतिशत से अधिक अंक निर्धारित नही किये जायेंगें।
- परीक्षा पुस्तक सहित अथवा रहित अथवा आंशिक रूप से पुस्तक सहित अथवा रहित हो सकती है। चयन का कार्य राज्यों पर छोडा गया है।
- प्रशिक्षण की समाप्ति पर अधिकारी शिकायत कर्ता के बयान के आधार पर कानून की सही धारायें लगाने में समर्थ होना चाहिये। पढाते समय अधिक उदाहरणों का प्रयोग किया जाना चाहिये।

03– दण्ड प्रक्रिया संहिता

कालांश :– 100

अंक 100

1. प्रस्तावना एवं परिभाषायें धारा 1,2ए,बी,सी,डी,जी,एच,आई, के,एल,ओ,आर,एस,डब्लु,एक्स, 3, 4, 5
2. आपराधिक न्यायालय एवं अभियोजन इकाई धारा 6 से 17, 24 से 26
3. न्यायालय की शक्ति धारा 29, 30, 32, 34
4. पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की शक्तियॉ धारा 36 से 40
5. व्यक्तियों की गिरफ्तारी, चिकित्सकीय परीक्षण आदि।
6. भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा डी0के0 बसु एवं अन्य मामलों में गिरफ्तारी से सम्बन्धित निर्गत निर्देश 41 से 60
7. उपस्थित होने के लिये विवश करने वाली आदेशिकायें धारा 61 से 90
8. वस्तुयें प्रस्तुत करने के लिये विवश करने वाली आदेशिकायें धारा 93 से 95, 97, 100, 102
9. व्यक्तिगत व्यवस्था, एवं सम्पत्ति की कुर्की व समापहरण के लिये प्रक्रिया धारा 105
10. परिशान्ति एवं सदाचार बनाये रखने के लिये प्रतिभूति धारा 106 से 122
11. लोक व्यवस्था एवं प्रशान्ति बनाये रखना न्यूसेन्स हटाना धारा 129 से 132, 144, 145, 133
12. पुलिस द्वारा रोकथाम की कार्यवाही धारा 149 से 153
13. पुलिस के लिये सूचना एवं अन्वेषण की शक्तियॉ धारा 154 से 176
14. आपराधिक कार्यवाहियॉ शुरू करने के लिये आवश्यक शर्ते धारा 190, 191, 195 से 199
15. मजिस्ट्रेट से परिवाद धारा 200 से 202
16. मजिस्ट्रेट के सम्मुख कार्यवाही का प्रारम्भ धारा 207, 208
17. प्रथम आरोप धारा 218
18. सेशन कोर्ट के सम्मुख विचारण धारा 228(2), 235(2)
19. मजिस्ट्रेट द्वारा वारंट मामलों का विचारण धारा 238, 240, 243, 273
20. प्ली बार्गेनेनिंग धारा 235
21. जांचो व विचारण से सम्बन्धित सामान्य उपबन्ध धारा 303 से 306, 309, 313 से 315, 317
22. निर्णय धारा 351, 360, 363
23. टपीलें धारा 379, 380
24. जमानत एवं बन्धपत्र से सम्बन्धित उपबन्ध धारा 436 से 439
25. सम्पत्ति का निस्तारण धारा 456 से 459
26. विविध धारा 468, 479, परिशिष्ट 1 व 2

केस लॉ

1. **आन्ध्र प्रदेश बनाम बीनू गोपाल (क्रि0लॉ0ज0 1964 पृष्ठ 16)**
   पुलिस अधिकारी किसी भी व्यक्ति को बयान देने हेतु उत्प्रेरित करने हेतु मारने पीटने या निरूद्व करने के लिये प्राधिकृत नही है।
2. **नंदिनी सम्पति बनाम पी0एल0दानी राज्य 1976 एससीसी पृष्ठ 424 विवेचक के कर्तव्य।**
   विवेचनाधिकारी किसी अभियुक्त /संदिग्ध पर शारीरिक /मानसिक या अन्य दबाव नही डालेगा एवं हिरासत के दौरान अभियुक्त विधिक सहायता हेतु विधि परामर्शी को बुला सकता है।
3. **भगवंत सिंह बनाम पुलिस कमिश्नर 1985 एसीसी 246 (उच्चतम न्यायालय) एसीसी 2011 पृष्ठ 719 उच्च्तम न्यायालय अन्तिम रिपोर्ट**

अन्तिम रिपोर्ट लगाये जाने के उपरान्त उसे न्यायालय द्वारा बिना रिपोर्टकर्ता का पक्ष सुने, स्वीकृत नही कया जाना चाहिये।

4. **जसबन्त व अन्य बनाम उ0प्र0राज्य ए0सी0सी0 1994 (31) पृष्ठ 425**

मुल्जिम पक्ष द्वारा जमानत के समय वादी पक्ष के गवाहो के शपथ पत्र मान्य नही है।

5. **रधुवीर बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (ए0सी0सी0 1995 पृष्ठ 216 उच्च न्यायालय इलाहाबाद)** यदि थाना प्रभारी की गिरफ्तारी है तो उसका अधीनस्थ उ0नि0 इस वाद की विवेचना नही कर सकता है।
6. **जोगेन्द्र नाहक बनाम उड़ीसा राज्य (ए0आई0आर0 1999 उच्चतम न्यायालय पृष्ठ 2565)**
   धारा– 164 द0प्रं0सं0 के अर्न्तगत बयान केवल विवेचक के प्रार्थना पत्र ही लिखे जायेंगें।
7. **बाल चन्द्रन बनाम केरल राज्य (द्र0नि0पा0 पृष्ठ)**
   पुलिस थाने का भारसाधक अधिकारी किसी संज्ञेय अपराध के लिये जाने से सम्बन्धित सूचना प्राप्त होने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिये कानूनी रूप से बाध्य होता है। और वह इस आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने से इंकार नही कर सकता कि उसे यह सूचना उपर्युक्त या विश्वसनीय प्रतीत नही हो रही है।
8. **राजस्थान राज्य बनाम एन0के0 एसीसी 2000 पृष्ठ 30 प्रथम सूचना में देरी।**
   प्र0सू0रि0 में देरी किन परिस्थितियों में क्षम्य है, यह व्यवस्था इस निर्णय में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रदान की गयी है।
9. **उ0प्र0राज्य बनाम सुरेन्द्र त्रिपाठी आदि एसीसी 2001 पृष्ठ–726 (उच्च न्यायालय इलाहाबाद) विधि विरूद्व कब्जा**
   विधि विरूद्व अधिपत्य यदि मान्य है तब उसे सम्पत्ति के मालिक द्वारा भी बल प्रयोग करके नही निकाला जा सकता है। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा यह विधि व्यवस्था दी गयी है।
10. **सुन्दरभाई अम्बा लाल देसाई बनाम गुजरात राज्य (उम0नि0प0 2003 पृष्ठ 338)**
    पुलिस द्वारा अभिगृहित वस्तुओं को अनावश्यक रूप से या दीर्घावधि तक पुलिस थानों में नही पड़े रहने देना चाहिये।
11. **किशन पाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (एसीसी 2006 पृष्ठ 1015)**
    यद्यपि न्यायालय द्वारा अन्वेषण के प्रक्रम पर हस्तक्षेप करना उचित नही है तथापि समान रूप से ये भी सही है कि अन्वेषण अभिकर्ता को किसी समय सीमा के बिना अन्वेषण के निष्कर्ष को देर तक रोके रखने का अधिकार नही दिया जा सकता है।
12. गोविन्दा 1876 आई0एल0आर0 1 बम्बई 342
    आपराधिक मानव वध एवमं हत्या में भेद जो आज भी पथ प्रदर्शक है।
13. के0एम0नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य एआईआर 1962 एसीसी 604

गम्भीर एवम अचानक प्रकोपन पर हत्या अपराधिक मानव वध की कोटी में आता है।

14. महबूब शाह बनाम किंग एम्पार (1945) 72 इण्डियन अपील 148 पीसी
सेक्शन 34 लागू होने की आवश्यक तत्व ।

15. रीमा अग्रवाल बनाम अनुप 2004 सीआरएलजे 872 एस0सी0
विवाह अवैध होने पर भी दहेज हत्या के प्रकरण में धारा 304बी के प्रावधिान लागू होंगें।

16. विश्वनाथ बनाम जम्मू कश्मीर राज्य एआईआर 1983 एससी 174
अस्थायी गबन भी गबन की श्रेणी में आता है।

17. बृज लालभर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य 2006 (55) एसीसी 864 (इलाहाबाद उच्च न्यायालय)
यदि मामला थाने पर असंज्ञेय के रूप में दर्ज होता है और बाद में संज्ञेय मामलें की साक्ष्य प्राप्त होती है तो विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारी को मजिस्ट्रेट से विवेचना की अनुमति की आवश्यकता नही होगी।

18. महाराष्ट्र राज्य बनाम तापस डी0 नियोगी 1999 कि0लॉ0 ज0 4305 एससी
अभियुक्त द्वारा अपराध की कमाई से बैंक में जमा किया गया धन दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 102 के अर्न्तगत सम्पत्ति की श्रेणी में आता है। विवेचक को अन्वेषण के दौरान ऐसे व्यक्ति का बैंक एकाउन्ट सीज करने व परिचालन बन्द करने का निर्देश बैंक अधिकारी को देने को अधिकार है।

नोट :– उदेश्य यह है कि अधिकारी को दण्ड प्रकिया संहिता के उन सुसंगल उपबन्धो से सज्जित कर दिया जाये, जिन्हे उसे अन्वेषण अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्य के निर्वहन और न्यायालय एवं अभियोजन इकाई को न्यायिक कार्यवाहियॉ के मध्य सहायता प्रदान करते समय प्रयोग में लाना होता है।

04– साक्ष्य अधिनियम, संविधान, मानवाधिकार

ए– भारतीय साक्ष्य अधिनियम

कालांश :– 50

अंक 60

1. प्रस्तावना एवं परिभाषायें धारा 1 से 3
2. तथ्यों की सुसंगतता धारा 5 से 11, 14, 17, 21
3. स्वीकृति एवं संस्वीकृति धारा 20 से 30
4. मृत्युकालिक कथन धारा 32, 32 क
5. विशेष परिस्थितियों में कथन धारा 33, 34, 35
6. विशेषज्ञ की राय धारा 45 से 48
7. शील की सुसंगतता धारा 51, 53, 54, 61
8. अभिलेखीय साक्ष्य धारा 62, 63, 65, 67
9. सार्वजनिक एवं निजी अभिलेख धारा 73, 74, 75, 76
10. साक्ष्य का भार धारा 101 से 110
11. उपधारणा धारा 113ए, 13बी, 114ए
12. साक्षीगण धारा 118, 119
13. विशेषाधिकार पूर्ण संसूचना धारा 122 से 126
14. सह अपराधी धारा 133
15. साक्षीगण का परीक्षण धारा 137, 138, 139, 141, 145, 154, 155, 157, 159, 160 से 165

केस लॉ

1. **धारा 27 सा0अधि0 की बरामदमी**
   सुनील व अन्य बनाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली राज्य) एसीसी 2001 पृष्ठ 223 (उच्चतम न्यायालय)
   धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत पुलिस द्वारा की गई बरामदगी इस कारण अविश्वसनीय नहीं होगा कि अभिलेखों पर निष्पक्ष/स्वतंत्र साक्षियों के हस्ताक्षर पुलिस ने नहीं कराये।
2. **राजस्थान राज्य बनाम हनुमान एसीसी 2001 पृष्ठ 351 (उच्चतम न्याया0) हितबद्व साक्षी।**
   यदि घटना के साक्षी परिवारजन ही है तब भी उनकी साक्ष्य की ग्राहयता कितनी होगी, इस विधि व्यवस्था में मा0 सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रकाश डाला गया।
3. **मृत्युकालीन कथन**
   उकरान बनाम राजस्थान राज्य एसीसी 2001 पृष्ठ 972 (उच्चतम न्यायालय)
   मा0 सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस विधि व्यवस्था में मृत्युकालीन कथन की ग्राहयता एवं कथन अंकित करते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला गया है।
4. निसार अहमद बनाम बिहार बिहार राज्य एसीसी 2001 पृष्ठ 846 (उच्चतम न्यायालय परिस्थितिजन्य साक्ष्य मा0सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस विधि व्यवस्था में यह कहा है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य का क्या महत्व है एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर दण्ड दिया जा सकता है।

बी– संविधान एवं मानव अधिकार

कालांश :– 50

अंक 40

1. भारतीय संविधान का परिचय एवं प्रस्तावना।
2. कानून के शासन की अवधारणा।
3. मौलिक अधिकार (आर्टिकल 12 से 35)
4. *जनहित याचिका*
5. *लोक सेवक का संरक्षण*
6. *लोकायुक्त एवं लोकपाल अधिनियम*
7. *सेवा का अधिकार अधिनियम*
8. *व्हिसल ब्लोअर*
9. *प्रर्वतन निदेशालय*
10. *सिटीजन चार्टर*
11. मौलिक कर्तव्य
12. पुलिस के अधिकारी को निर्बधन (आर्टिकल 33) आर्टिकल 226, केन्द्र एवं राज्यों के अधीन सेवा आर्टिकल 308 से 311, सांसदो एवं विधायको की शक्तियॉ एवं विशेषाधिकार (आर्टिकल 105, 194), परिशिष्ट 7– केन्द्रीय, राज्य एवं समीपवर्ती सूचियॉ।
13. मानवाधिकारों की अवधारणा एवं उनका महत्व।
14. मानवाधिकारों की सर्वभौमिक उद्घोषणा 1948
15. नागरिक एवं राजनैतिक अधिकारों पर अर्न्तराष्ट्रीय प्रसंविदा।
16. मानवाधिकारों का संरक्षण अधिनियम 1993 (धारायें 2, 3,4, 5, 12, 13, 14)
17. मानवाधिकारों एवं अपराध पीड़ित , परिवादी, साक्षी, अभियुक्त से व्यवहार विषयक, विभागीय निर्देशों के मुद्दे पर न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय।
18. मानवाधिकारों , अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, महिलाओं, बालकों एवं अल्पसंख्यकों के लिये राष्ट्रीय आयोगों के कार्य एवं शक्तियॉ।
19. अभिरक्षा में अपराधों की पुलिस विवेचनाओं से सम्बन्धित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देश
20. मानवाधिकारों के संरक्षण में पुलिस की भूमिका।
    - ✓ मानवाधिकारों के सम्बन्ध में पुलिस के विरूद्व सामान्य शिकायतें (केस स्टडीज)
    - ✓ मानवाधिकारों की सरक्षक के रूप में पुलिस की छवि को सुधारने की आवश्यकता एवं पहल।
    - ✓

नोटः– (राज्य के नीति निर्देशक तत्व अनच्छेद 36 से 51 तक हटाया गया है तथा क्रमांक 04 से 10 तक के विषय जोडे गये है जिनकी वर्तमान परिवेश में जानकारी होना आवश्यक है जिससे पुलिस कार्मिक जनपता के प्रति अधिक संवेदनशील हो पायेंगे।

केस लॉ

1. **खड़क सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (ए0आई0आर0 1963 मा0 सर्वोच्च न्यायालय)**
   बिना किसी विधिक प्राधिकार के पुलिस कर्मियों द्वारा मात्र पर्यवेक्षण के नाम पर किसी व्यक्ति के घर में रात्रि के समय नियमित रूप से जाना और वहॉ जाकर उसकी उपस्थिति दर्ज करना स्पष्टता उस व्यक्ति के जीवन व दैहिक स्वतंत्रता में एक अनुचित हस्तक्षेप है
2. **परमानन्द कटारा बनाम भारत संघ (ए0आई0आर0 1989 सर्वोच्च न्यायालय पृष्ठ 2039)**
   एक दुर्घटनाग्रस्त या घायल व्यक्ति का जीवन विधिक औपचारिकताओं की तुलना में कही अधिक मूल्यवान होता है। अतः चिकित्सक को घायल व्यक्ति का उपचार तत्काल बिना इस बात की प्रतीक्षा किये किया जाना चाहिये कि प्रथम सूचना रिर्पोट (एफ0आई0आर0) पंजीकृत हुई अथवा नही।
3. महाराष्ट्र राज्य बनाम चंद्र प्रकाश केवल चंद्र जैन (एस0सी0आर0 1990 पृष्ठ 115)
   जब कोई वर्दीधारी व्यक्ति अर्थात पुलिस कर्मी किसी युवा लड़की के साथ बलात्संग का गंभीर अपराध कारित करता है तो ऐसी स्थिति में दण्ड अवश्य ही उदाहरणात्मक होना चाहिये अर्थात इस प्रकार के मामलों में आरोपी के साथ दण्डादेश के प्रश्न पर सहानुभुति या दया की कोई गुंजाइश नही रह जाती।
4. **नीलावती बेहरा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (एस0सी0सी0 1993 पृष्ठ 746)**
   पुलिस अभिरक्षा के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा किसी व्यक्ति के मूल अधिकारों का उल्लंघन करने पर राज्य को पुलिस कर्मियों के दोषपूर्ण कृत्यों के लिये उस नागरिक को मुआवजा देना होगा।
5. **सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन 1980 सीआरएलजे 1099**
   सिटिजन फॉर डेमोकेसी बनाम आसाम राज्य 1995 एससीसी 743
   इन विधि व्यवस्थाओं में मा0 सर्वोच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि हथकड़ी का प्रयोग किन परिस्थितियों में अनुमन्य है।
6. **दिलीप कुमार बसु बनाम बंगाल राज्य 1997 एससीसी 642**
   जोगेन्द्र कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य 1994 सीआरएलजे 1981
   गिरफ्तारी के समय के अधिकारों को इस विधि व्यवस्था में परिभाषित करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये हैं।
7. **विशाखा बनाम स्टेट आफ राजस्थान (एआईआर 1997 मा0 सर्वोच्च न्यायालय)**
   कामकाजी महिलाओं का उत्पीड़न न किए जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देश।
8. **के0पी0एस0 गिल बनाम राज्य (क्रि0 ला0– 2005 उच्चतम न्यायालय)**
   आपराधिक विधि का अतिलंघन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उसके दण्ड संबंधी परिणाम अवश्य भुगतान होंगें। चाहे भले ही वह पुलिस विभाग में सर्वोच्च पद पर आसीन क्यो न हो।

- उद्देश्य मौलिक अधिकारों की संवैधानिक योजना के परिदृश्य से अवगत कराना है।
- प्रशिक्षण की समाप्ति पर अधिकारी पुलिस कार्य हेतु मौलिक अधिकारों की पवित्रता को समझने के योग्य होना चाहिये और उसे इन मुद्दो पर दृष्टि रखने के लिये उत्तदायी संवैधानिक प्राधिकारियों की जानकारी होनी चाहिये।

05– स्थानीय एवं विशेष कानून

कालांश :–100

अंक 150

1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986
2. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986
3. बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986
4. न्यूनतम मजदूरी वेतन अधिनियम, 1948
5. बन्धित श्रम व्यवस्था (उन्मूलन), अधिनियम, 1976 धारा 2 से 9, 22
6. मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1987 धारा 2, 23, 24, 25, 28, 29, 36, 82 से 87, 92
7. बाल विवाह अधिनियम 2006
8. विघुत अधिनियम–2003 धारा 135 से 157 तक
9. भारतीय रेलवे अधिनियम, 1989
10. पुराकालीन वस्तु एवं कला निधियॉ, अधिनियम 1972
11. पुलिस अधिनियम, 1861
12. पुलिस बल (अधिकारों का निर्बन्धन) अधिनियम 1966
13. पुलिस (द्रोह उद्दीपन) अधिनियम, 1992
14. सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम
15. शासकीय गोपनीयता अधिनियम।
16. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005
17. राष्ट्रीय विवेचना एजेन्सी अधिनियम (एन0आई0ए0एक्ट)
18. बन्दी शिनाख्त अधिनियम, 1920
19. न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971
20. किशोर न्याय (बालकों की देख रेख एवं परीक्षण) अधिनियम, 2000 (किशोर अपचार विषय हेतु)
21. प्रोबेशन ऑफ ऑफेन्डर्स एक्ट, 1958 (दण्ड विज्ञान विषय हेतु)
22. अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956
23. सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867
24. स्वापक द्रव्य एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61वॉ)
25. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 घूस एवं भ्रष्टाचार विषय हेतु।
26. आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1952 (घूस एवं भ्रष्टाचार विषय हेतु) 1932 एंव 1961
27. आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1952 (घूस एवं भ्रष्टाचार विषय हेतु)
28. दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 महिलाओं के विरूद्व अपराध विषय हेतु।
29. घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम –2005
30. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989
31. शस्त्र अधिनियम, 1959
32. विस्फोटक अधिनियम, 1884 (आतंकवादियों से सम्बन्धित अपराध विषय हेतु)
33. विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 (आतंकवादियों से सम्बन्धित अपराध विषय हेतु)
34. विधि विरूद्व क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1967
35. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 सम्पूर्ण
36. प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962 (राष्ट्र से परे अपराध विषय हेतु)
37. दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अर्धीनियम, 1946 (अर्न्तर्राज्जीय अपराध विषय हेतु)
38. वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972
39. मोटर वाहन अधिनियम, 1988
